प्रेस विज्ञप्ति

आईआईटी भुवनेश्वर में 55वीं आईआईटी परिषद की बैठक सफल आयोजन

18 अप्रैल, 2023, भुवनेश्वर: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की काउंसिल की 55वीं बैठक दिनांक 18 अप्रैल, 2023 को माननीय शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी की अध्यक्षता में आईआईटी भुवनेश्वर में आयोजित की गई। इस अवसर पर आईआईटी काउंसिल के समस्त 23 आईआईटी के निदेशक और बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) के अध्यक्षों सहित आगंतुक नामांकित अतिथि ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। इस बैठक में उपस्थित अन्य गणमान्य सदस्यों में सचिव, अपर सचिव, संयुक्त सचिव उच्चतर शिक्षा; अध्यक्ष, यूजीसी, अध्यक्ष, एआईसीटीई; माननीय सांसद श्री बिप्लब कुमार देब जी एवं श्री कुनार हेम्ब्रम जी; निदेशक आईआईएससी बैंगलोर, शिक्षा मंत्रालय तथा आईआईटी काउंसिल के अन्य माननीय सदस्य आदि शामिल थे।

इस बैठक में काउंसिल ने एनईपी के प्रभावी क्रियान्वयन और उन्नतशील सामाजिक उत्थान के लिए प्रभावी अनुसंधान किये जाने एवं नवाचार में सुधार सहित विभिन्न एजेंडा मदों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में स्टार्ट- अप्स के उत्तरोत्तर विकास हेतु दृढ़ सम्मति बनाई गई।

इस उपलक्ष्य पर मीडिया को संबोधित करते हुए श्री धर्मेंद्र प्रधान जी ने कहा कि आईआईटी को नौकरी पाने वालों की तुलना में नौकरी देने वाले के निर्माण पर जोर देना चाहिए।

****